


# गोपाल पुञ्ज




वर्ष : 7 || अंक : 1 || जीन्द, अप्रैल-मई-जून 2025 || पृष्ठ : 4 ■ Web : www.gvmjind.com ■ E-mail : gvmschooljind@yahoo.co.in

## आईआईटी जेई में विद्यालय के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के छात्रों ने एनटीए द्वारा घोषित आईआईटी जेई की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अजय जी कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के होनहार छात्र भैया लक्ष्य कपूर-93, अभिमन्यु-93, लक्ष्य ऐरन-85 व बहन बेदिता ने-92 प्रतिशत अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्रों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सभी छात्र भैया-बहन विद्यालय समय से



लक्ष्य अभिमन्यु बेदिता

ही बहुत परिश्रमी व मेधावी रहे हैं। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता नरेंद्र जी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, पूर्ण समर्पण व आचार्यों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्य जी द्वारा विद्यालय परिवार की तरफ से संबंधित अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए

**विद्यालय के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय के होनहार छात्र शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इसका श्रेय आचार्यों की कड़ी मेहनत और लगन को जाता है, जो अपनी पूरी निष्ठा से बच्चों के चहुंमुखी विकास करने में सदैव लगे रहते हैं।**

छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। माननीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आदरणीय श्री जगन्नाथ जी शर्मा द्वारा इस श्रेष्ठ उपलब्धि पर बच्चों को आशीर्वाद तथा पूरे आचार्य परिवार के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## मुख्यमंत्री ने गोपाल विद्या मंदिर को योग के लिए किया सम्मानित

पंचकूला में योग महोत्सव का आयोजन सेक्टर 5 के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार रहे। उन्होंने योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरियाणा प्रांत के विभिन्न विद्यालयों एवं राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले योग के छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया। जींद से एकमात्र विद्यालय गोपाल विद्या मंदिर को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इसी विद्यालय के पूर्व छात्र अभिषेक को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष सम्मान देकर सम्मानित किया। विद्यालय की ओर से मोहित आशरी ने यह सम्मान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने बताया कि हमारा विद्यालय योग के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित कर चुका है।



विद्या भारती द्वारा आयोजित राज्य व राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र भैया-बहिन अनेक पुरस्कार अर्जित करके विद्यालय का नाम रोशन करते रहते हैं।

### विद्यालय के पूर्व छात्रों की अनूठी पहल

## शुल्क देने में असमर्थ गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए रु.3 लाख की सहायता राशि प्रदान की



नगर के स्थानीय विद्यालय गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय, जींद के पूर्व छात्रों द्वारा समाज में अच्छी शिक्षा से वंचित रहने वाले तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा दिलवाने की एक अनूठी पहल की गई है। पूर्व छात्र संयोजक व विद्यालय के वरिष्ठ वाणिज्य प्रवक्ता श्री संदीप जी गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व छात्रों द्वारा एकत्र इस धनराशि का उपयोग वास्तव में आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भैया-बहनों की शिक्षा व्यवस्था पर किया जाएगा। पूर्व छात्र संगठन ने इस पहल से अपने विद्यालय के प्रति समर्पण भाव को प्रकट किया तथा समाज में आर्थिक स्थिति से कमजोर भैया-बहनों का चिंतन करते हुए समाज को विश्व बंधुत्व का पाठ पढ़ाया है। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अजय जी कौशिक ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र जो कि बेंगलुरु की आईटी कंपनी में अभियंता के पद पर कार्यरत श्रीमान गिरिराज जी गोयल, विद्यालय में पूर्व छात्र संयोजक संदीप जी तथा पूर्व छात्र श्री तिलक जी जिंदल ने मिलकर एक सराहनीय प्रयास करते हुए हम सबके लिए शिक्षा और सहयोग की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय प्रशासन द्वारा भी पूर्व छात्रों के इन प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।

## शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना ही हमारा उद्देश्य-अजय कुमार

### विद्यालय की 50वीं वर्षगांठ को हम भव्य उत्सव के रूप में मनाएंगे

**जीन्द :** गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने पदभार संभालते ही अभिभावकों को अपने संबोधन में कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने का रहेगा जिसमें बच्चों की बौद्धिक क्षमता, शैक्षणिक गुणवत्ता, English speaking, व्यवहार कौशल पर विशेष ध्यान रहेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हम खेल के क्षेत्र में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार अर्जित कर चुके हैं, जिनकी बदौलत हमारे सैकड़ों भैया बहन खेल कोटे से सरकारी सेवा दे रहे हैं। इसके साथ ही विज्ञान संकाय में पढ़ने वाले छात्र विद्यालय से शिक्षा लेकर चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिसमें MBBS, BDS, BAMS, MD डॉक्टर शामिल हैं। वाणिज्य विभाग से बहुत से छात्र सीए बन कर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। साथ ही आर्ट संकाय के छात्र राजकीय सेवाओं में उच्च पदों पर आसीन हैं। चित्रकला विभाग के भैया-बहन देश के विभिन्न कला महाविद्यालयों व डिजाइन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उपर्युक्त सभी उपलब्धियां इस बात का प्रतीक है कि गोपाल विद्या मंदिर यहां पढ़ने वाले भैया बहनों को एक कुशल शिल्पी की तरह तराश कर उन्हें योग्यता के पैमाने पर खरा उतारता है।



प्रधानाचार्य ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय को 50 वर्ष होने जा रहे हैं, इस उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों की शृंखला प्रबंधन समिति से विचार विमर्श कर तैयार की जा रही है ताकि इन 50 वर्षों को हम एक भव्य उत्सव के रूप में मना सकें।

# रचनात्मक ढंग से विद्यालय में मनाया पृथ्वी दिवस

विद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन व रंगोली प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा से पांचवीं कक्षा के छात्र भैया-बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अजय जी कौशिक ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है इसलिए छात्रों ने पौधारोपण किया तथा बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।आज के प्रेरणास्रोत मुख्य वक्ता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्री सुभाष जी ने कहा कि पृथ्वी का संरक्षण केवल आज नहीं, हर दिन जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के रचनात्मक भाव भविष्य में बड़े बदलाव ला सकते हैं।वहीं वरिष्ठ साहित्यकार श्री ओम प्रकाश चौहान ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कला के माध्यम से अभिव्यक्ति पर बल दिया तथा सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया।इस अवसर पर श्री दीपक जी कौशिक, कलाचार्य श्री राजू जी सहित अनेक आचार्य उपस्थित रहे।



# 7 छात्रों ने सीए इंटर व 3 छात्रों ने एक साथ पास की सी.ए. फाउंडेशन की परीक्षा



विद्या भारती एवं हिन्दू शिक्षा समिति से सम्बद्ध गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 16 पूर्व छात्रों ने इस वर्ष सीए फाउंडेशन व सीए इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की। वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता आचार्य संदीप व आचार्या पूर्णिमा ने जानकारी देते हुए कहा कि खुशी, नेहा, अंशुल ने सीएस फाउंडेशन, आरची, अर्पण, मिलन, आयुष, रितिक,पंकज सीए फाउंडेशन तथा रिजुल, अभिनव, गर्वित, चिराग, शुभम, अल्पा, कृश, अलका, साक्षी सीए इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने अभिभावकों व विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अजय कौशिक व सभी शिक्षकों द्वारा मिठाई खिलाकर छात्रों को शुभकामनाएँ व आशीर्वाद दिया गया। वाणिज्य विभाग की प्रशंसा करते प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा ने इस उपलब्धि को सभी शिक्षकों की मेहनत का परिणाम बताया। इसी कड़ी में विद्या भारती उत्तर क्षेत्र उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अत्री और प्रांत संस्कार केंद्र प्रमुख महावीर गर्ग द्वारा भी छात्रों को इस विशिष्ट उपलब्धि पर अनेकानेक शुभकामनाएँ दी।

# योग को जीवन का मूलाधार : अजय कौशिक



**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षकों व छात्रों ने भाग लिया। इसके अलावा विद्यालय प्रबंध समिति के माननीय सदस्यों में से डॉक्टर प्रियदर्शी, विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अजय कौशिक व आईएनओ टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिवार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्राणायाम व योगासन किए गए। योग कार्यक्रम में बिजेन्द्र शास्त्री द्वारा योग प्रशिक्षक के रूप में नेतृत्व किया गया। श्री अजय ने अपने संदेश में योग को जीवन का मूलाधार बतलाते हुए कहा कि अष्टांग योग हमारे ऋषियों की ही देन है। आचार्य सुशील शर्मा ने आईएनओ की योगा टीम का आभार व्यक्त किया।

## क्या आप जानते हैं?

**कैंडी क्रश का पागलपन**

कैंडी क्रश नामक गेम आपने खेली हो या ना खेली हो लेकिन आपने इसका नाम अवश्य सुना होगा। फेसबुक पर इस गेम के आने वाले निवेदन से लगभग सभी फेसबुक उपयोगकर्ता परेशान रहते हैं लेकिन आपको ये जानकर आश्चर्य होगा कि वर्तमान में कैंडी क्रश खेलने वाले लोगों की संख्या कनाडा की कुल जनसंख्या से भी ज्यादा है।

**संकलन : हिमांशी कक्षा द्वादश**

# एनसीसी कैडेट्स ट्रायल में छात्रों ने लिया भाग



विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय, जींद में आज तीन एनसीसी ऑफिसर एक ट्रेनर व एक एएनओ के निरीक्षण में विद्यालय के 48 छात्र भैया-बहनों ने शारीरिक मापदंड को अच्छे प्रदर्शन के साथ पूर्ण करते हुए एनसीसी कैडेट्स ट्रायल में भाग लिया।

एएनओ रामफल जी ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले सभी 48 बच्चों ने यह शारीरिक मापदंड भलीभाँति पूरा किया। छात्रों के लिए शारीरिक मापदंड में 800 मीटर रेस, शटल रेस, मेडिकल, रिटन टैस्ट के नियम निर्धारित किए गए थे। विद्यालय में समय से एनसीसी ट्रायल को शुरू करते हुए एनसीसी ऑफिसर ने पूरी ईमानदारी से छात्रों का टैस्ट लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अजय जी कौशिक ने एनसीसी ट्रायल में भाग लेने वाले सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के एनसीसी कैडेट्स कल देश का सैन्य बल बढ़ाएंगे। आमन्त्रित एनसीसी ऑफिसर व ट्रेनर द्वारा दिनभर लिए गए परीक्षण के लिए प्रधानाचार्य जी द्वारा माननीय विद्यालय प्रबंध समिति की तरफ से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

# गोपाल विद्या मंदिर के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में फिर लहराया परचम

## सभी संकायों में से कॉमर्स संकाय की छात्रा हर्षिता रही विद्यालय में प्रथम



विद्या भारती हरियाणा व हिन्दू शिक्षा समिति द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के छात्रों ने कक्षा बारहवीं व दसवीं में उत्तम परीक्षा परिणाम प्राप्त कर अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। छात्रों को मिष्ठान्न खिलाते हुए प्रधानाचार्य श्री अजय कौशिक व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की तरफ से डॉ. प्रियदर्शी द्वारा पुष्पमाला पहनाकर छात्रों का स्वागत किया गया। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता श्री नरेंद्र ने जानकारी देते हुए कहा कि हर्षिता कॉमर्स संकाय की छात्रा ने 95% अंक तथा दसवीं कक्षा में चेतना ने 96% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आर्ट संकाय की छात्रा अंशिका ने 94% तथा विज्ञान संकाय में लक्ष्मी ने 89% अंक प्राप्त किए। इसी कड़ी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने पेंटिंग में 100, आईटी में 100, फिजीकल में 100, इकोनॉमिक्स में 99, भूगोल में 99, हिंदी में 99, गणित में 98, बिजनेस स्टडी में 98, विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान में 97, अकाउंट में 96, संस्कृत में 96, अंग्रेजी में 95, राजनैतिक विज्ञान में 95, फिजिक्स में 92, केमेस्ट्री में 92 व जीव विज्ञान में 90 अंक भी प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ने कहा कि जहाँ बारहवीं कक्षा में छात्रों ने 27 मेरिट प्राप्त की वहीं दसवीं में 40 मेरिट प्राप्त कर छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्तम परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री जगन्नाथ शर्मा द्वारा सम्पूर्ण प्रबंध समिति के सदस्यों की तरफ से प्रधानाचार्य, अभिभावक, सभी शिक्षक बंधु-भगिनी तथा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# हवन यज्ञ से किया नए सत्र का शुभारंभ

विद्या भारती हरियाणा एवं हिन्दू शिक्षा समिति से सम्बद्ध गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय, जींद में आज नए सत्र के प्रथम दिवस को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आदरणीय श्री जगन्नाथ जी शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री अश्वनी जी गुप्ता, प्रधानाचार्य श्री अजय जी कौशिक, आचार्य, अभिभावक व छात्र बन्धु-भगिनी उपस्थित रहे। श्री अजय कौशिक जी ने कहा कि हिन्दू धर्म में सोलह संस्कारों की परम्परा का वर्णन किया जाता है। इसी संकल्पना को लेकर विद्यालय में शिशु वाटिका में प्रवेश से पूर्व नन्हें मुन्ने बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार भी किया गया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का प्रेम भाव विद्यालय के प्रति बना रहे तथा छात्रों की सकुशलता के साथ विद्यालय प्रगति के पथ पर आगे बढ़े हम सब की यही मनोकामना है। इसलिए शिशु वाटिका की आचार्या बहनें और नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे। सत्र के पहले दिन ही छात्रों की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रधानाचार्य जी ने सभी अभिभावकों से प्रेषित संदेश के माध्यम से अनुरोध किया कृपया अपने बच्चों को शीघ्र विद्यालय भेजने का प्रयास करें ताकि अध्ययन कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद अध्यक्ष श्री जगन्नाथ जी शर्मा ने अभिभावकों को साधुवाद व छात्र भैया-बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया। सामाजिक विषयाचार्य सुशील शर्मा द्वारा आमन्त्रित अभिभावकों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।



## विद्यालय में आयोजित गतिविधियाँ

### अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया



विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों की अध्ययन उपलब्धि जानने के लिए विद्यालय शिक्षकों के साथ स्वस्थ वार्ता में भाग लिया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अजय कौशिक ने जानकारी दी कि सभी विभागों के आकड़ों के अनुसार लगभग 70 प्रतिशत अभिभावकों द्वारा इस बैठक में आकर अपने पालितों की पठन-पाठन संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों ने अभिभावक व छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा ग्रीष्मावकाश के बाद आगामी शिक्षण में अपेक्षित सुधार करने का आश्वासन भी दिया। श्री अजय जी द्वारा अभिभावकों से विचार विमर्श किया गया तथा उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय में उत्तम शिक्षण हेतु सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया गया। विद्यालय शिक्षकों ने कहा कि इस पीटीएम में अभिभावक व शिक्षकों में स्वस्थ वार्तालाप देखने को मिला। अभिभावकों ने भी छात्रों की रिपोर्ट जानकर छात्रों के प्रति अपनी भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। पीटीएम के बाद सभी शिक्षकों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया।

### उत्तर क्षेत्र प्रशिक्षण प्रमुख माननीय रामकुमार जी ने शिक्षकों को नए सत्र के लिए किया प्रेरित



विद्यालय में उत्तर क्षेत्र प्रशिक्षण प्रमुख माननीय श्री रामकुमार जी का एक दिन का प्रवास रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अजय जी कौशिक ने श्री रामकुमार जी का वंदना सत्र में हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया। सरस्वती वंदन के बाद वंदना सत्र में सभी कक्षा प्रमुखों के साथ वार्तालाप करते हुए उन्होंने छात्रों को दिनचर्या में अध्ययन बनाए रखने व परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए अच्छे अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानाचार्य जी के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कक्षानायकों के माध्यम से छात्रों की समस्याओं को जाना। अंतिम सत्र में आचार्य परिवार के साथ बैठक में भाग लिया। जहाँ उन्होंने छात्रों द्वारा बताई गई कठिनाइयों को शीघ्रताशीघ्र दूर करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नए सत्र में छात्रों का शिक्षण कार्य उत्तम हो सके इसलिए आचार्यों का रचनात्मक और नवीनतम जानकारी होना अत्यावश्यक है। इस बैठक में अभिभावकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए प्रधानाचार्य जी ने शिक्षकों को अपनी गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कला क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रधानाचार्य ने किया छात्रों को सम्मानित

## चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने जीती 15 हजार रुपए तक की राशि



चौधरी मित्रसेन की पुण्यतिथि पर खांडा खेड़ी स्थित भारत मित्र स्तंभ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, मूर्तिकला, टाइल कार्विंग, चित्रकला प्रदर्शनी व भारत ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विद्यालयों के लगभग 500 बच्चों ने प्रतिभागिता की। मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व वित्तमंत्री हरियाणा सरकार कैप्टन अभिमन्यु, कैप्टन रुद्रसेन, इंडस ग्रुप के चेयरमैन सुभाष श्योराण व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गोपाल विद्या मंदिर के भैया जतिन ने भारत ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। चित्रकला के कनिष्ठ वर्ग में भैया अंश और वरिष्ठ वर्ग में भैया हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सॉफ्ट क्ले टॉय मेकिंग (मूर्तिकला) में बहन गुनाक्षी व छवि ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। टाइल कार्विंग में भैया चिराग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश के विभिन्न कलाकारों को आमंत्रित किया गया। विद्यालय के कला अध्यापक दीपक कौशिक ने भगवान श्री कृष्ण के दिव्य व अलौकिक रूप की रचना रंगों के माध्यम से कैनवास पर की। उन्हें भी पूर्व वित्त मंत्री ने विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि विद्यालय का कला विभाग जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग छाप छोड़ रहा है। इसका श्रेय उन्होंने कला विभाग को दिया। उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में छात्रों ने स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र व 15 हजार तक की नगद पुरस्कार राशि जीती।

# आचार्यों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ प्रान्तीय आचार्य सम्मेलन



विद्या भारती हरियाणा द्वारा प्रदेश भर के आचार्यों का प्रान्तीय आचार्य सम्मेलन समालखा के पट्टी कल्याणा में आयोजित किया गया, जिसमें अनेक महानुभावों का मार्गदर्शन आचार्यों को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिशु विभाग की तरफ से कला विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें दिखाया गया कि बालकों के रचनात्मक कौशल को कैसे विकसित किया जा सकता है। इसके साथ ही सामाजिक समरसता पर उसके विभिन्न बिन्दुओं को आधार मानकर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसकी वहां आए हुए लोगों ने खूब सराहना की। इसके साथ परिसर की सज्जा में विद्यालय के आचार्य दीपक कौशिक, राजू शर्मा, पूर्व छात्र नीतिन कुमार ने रंगोलियां बनाकर परिसर को सुंदर व आकर्षित बनाया।







मुद्रक एवं प्रकाशक : अजय कुमार द्वारा क्रेजी प्रिंटिंग प्रैस, सलारपुर रोड, कुरुक्षेत्र मो. 9896390452 से मुद्रित करवाकर, कार्यालय गोपाल विद्या मंदिर, भिवानी रोड, फोन 01681-251239 से प्रकाशित। सम्पादक : दीपक कौशिक